

## न्यूज डायरी

### शांतिकुंज ने निकाली जनजागरण रैली, पर्यावरण संरक्षण व पानी बचाने की अपील की

**संवाददाता** हरिद्वार। शांतिकुंज अपने रचनात्मक कार्यक्रमों के लिए समाज में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। पीड़ितों की सेवा हो, वृक्षारोपण अभियान या निर्मल गंगा अभियान के तहत पतित पावनी गंगा सहित देश के विभिन्न जलस्रोतों की सफाई आदि में तन, मन, धन से जुटा है। इन दिनों उत्तराखण्ड में यात्रियों की संख्या अधिक है, उनमें जागरुकता लाने के उद्देश्य शांतिकुंज परिवार ने जन जागरण रैली निकाली, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाने और पानी बचाने के लिए अपील की। गंगा को स्वच्छ बनाये रखने, पॉलीथिन का प्रयोग बंद करने का आवाहन किया। रैली में शांतिकुंज कार्यकर्त्ता सहित विभिन्न साधना शिविरों में आयें भाई–बहिनों ने भागीदारी की। रैली का नेतृत्व श्यामबिहारी दुबे ने किया।

### जिलाधिकारी ने ली एजेंसी प्रबंधकों की बैठक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं जनपद स्थित समस्त पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा एवं आपदा के दृष्टिगत समस्त पेट्रोल पम्प धारकों को पन्द्रह सौ लीटर डीजल व तीन हजार लीटर पेट्रोल आरक्षित रखने, पूर्ति निरीक्षकों को प्रतिदिन अपने क्षेत्रान्तर्गत पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने, जनता की सुविधा के लिए समस्त गैस एजेन्सियां ऑनलाइन बुकिंग सुनिश्चित करने, विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर गैस का वितरण करने, जिससे मध्याहन भोजन जैसी महत्वकांक्षी योजना के संचालन में कोई समस्या न हो।

### रेलवे फाटक चौराहा का नाम स्व. इंद्रमणि बडोनी के नाम से किए जाने की मांग

**संवाददाता** हरिद्वार। टिबड़ी स्थित रेलवे फाटक चौराहा का नाम स्व. इंद्रमणि बडोनी के नाम से किए जाने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति रजिस्टर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी पांडे के नेतृत्व में मेयर अनीता शर्मा को ज्ञापन प्रस्तुत किया। पांडे ने कहा कि 2007 में तत्कालीन सभासद प्रदीप पंत द्वारा प्रस्तुत एवं तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में प्रसार संख्या 811 के तहत टिबड़ी रेलवे फाटक चौराहा का नाम स्वर्गी इंद्रमणि बडोनी चौराहा किए जाने का सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित किया गया था। परंतु 2007 से लेकर आज तक लगभग 12 साल के कार्यकाल में यह चौराहा स्वर्गी इंद्रमणि बडोनी के नाम से नहीं किया गया। मेयर अनीता शर्मा ने राज्य आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस पर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रो. रूप किशोर शास्त्री को जर्मनी के दो विवि में मुख्य वक्ता आमंत्रित किया गया

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय के वेद विभागाध्यक्ष प्रो. रूप किशोर शास्त्री को जर्मनी के दो विश्वविद्यालयों में बतौर मुख्य वक्ता आमन्त्रित किया गया है। जहाँ उन्होंने जून 2019 के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में फ्रेंकफर्ट एवं वर्लिन अन्तराष्ट्रिय सम्मेलन में सारस्वत अतिथि के रूप में वेदों पर शोध व्याख्यान देने है। जिससे गुरुकुल का नाम विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महकेगा। जर्मनी में वेद की ऋचाओं को भी पहराया जायेगा। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार ने कहा कि विदेशों में वेदों को एक विज्ञान के रूप में माना जा रहा है। वेदों में विज्ञान समाहित है जिसका विदेशों में वेदों को लेकर बड़े शोध कार्य हो रहे है।

### पूर्णागिरी मंदिर समिति को ट्रस्ट घोषित करने सम्बंधित जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने पूर्णागिरी मंदिर समिति को ट्रस्ट घोषित करने सम्बंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को तीन माह के भीतर प्रत्यावेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई मुख्यन्यायधीश रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति एनएस धनिक की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार गैंडाखाली टनकपुर चम्पावत निवासी नरेंद्र कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि माँ पूर्णागिरी शक्तिपीठ देश के प्रमुख शक्तिपीठ में से एक है । चैत्र माह में प्रशाशन द्वारा यहां एक माह के मेले का आयोजन किया जाता है।

# चारधाम यात्रामार्ग को किया जायेगा पॉलिथीन मुक्तः डीएम

**समीक्षा**

## जिला कार्यालय सभागार में नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले चारधाम यात्रा मार्ग को पॉलिथीन मुक्त करने के लिए 23 कस्बों के लिए जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इन कस्बों में जिला पंचायत की ओर से सफाई कर्मी उपलब्ध कराये गये हैं, जिनकी मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी द्वारा समय–समय पर की जा रही है। नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता समिति गठित की गई, जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य पद ग्रामीणों की सहमति से बनाये गये हैं। सभी के द्वारा अपने कस्बों को साफ रखने के लिए निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एक माह पूर्व नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी, जिसकी समीक्षा जिला कार्यालय सभागार जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने की।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में चलाये गये सफाई अभियान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारियों ने बताया कि जिला पंचायत द्वारा जितने सफाई कर्मी लगाने को कहा गया था, उतने सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में एक भी सफाई कर्मी तैनात नहीं किया गया है, जबकि कई जगह दो दिन में सफाई कर्मी आते हैं। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने बताया कि सफाई कर्मी तो दूर जिला पंचायत द्वारा सफाई सामाग्री की आपूर्ति नहीं की जा रही है। अधिकतर क्षेत्रों में गांव के लोग, नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं सफाई व सामाग्री ली गई। तत्पश्चात पुरानी गंदगी को हटाया गया। समिति द्वारा प्लास्टिक एकत्रित कर बोरों में रखा गया है, जिसे काम्पैक्ट कर, विक्रय कर समिति की आय बनेगी। नगरासू, खांकरा व सुमाडी में सफाई अभियान के साथ–साथ कूडे को अलग–अलग किया जा रहा है, जिसकी सराहना जिलाधिकारी ने की।



नोडल अधिकारियों की बैठक लेते डीएम मंगेश घिल्डियाल।

जिला पंचायत द्वारा घोर लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने समस्त स्वच्छता समितियों को अपर मुख्य अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये। कहा कि नोडल अधिकारी व समिति द्वारा सफाई कर्मियों की क्षेत्र में उपस्थिति को सत्यापित करने के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। जिला पंचायत द्वारा इन 23 कस्बों में 80 सफाई कर्मियों की नियुक्ति की जानी है, जबकि विभाग द्वारा आधे सफाई कर्मी भी क्षेत्र में नहीं लगाए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में समिति, व्यापरियों, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एनसीसी, एनएसएस के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## तीन दिन के अंदर वेतन नहीं मिला तो आंदोलन

**■कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त**

**संवाददाता** अल्मोड़ा। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला शाखा की बैठक में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किए जाने पर गहरा आक्रोश जताया। कहा कि यदि तीन दिन के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। स्पष्ट तौर पर कहा गया कि शिक्षकों व कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वह पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, इसके बाद भी उनकी कोई सुध नहीं ली जा रही है। इससे शिक्षकों व कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

कहा कि वेतन नहीं मिलने से परेशान अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक, जूनियर व प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारी अपनी आरडी पास बुक तक तुड़वाने को विवश हैं। किराए पर रहने वाले शिक्षक कर्मचारी बैंक की किस्त व कमरे का किराया समय पर नहीं दे पा रहे हैं।

बैठक में अशासकीय विद्यालयों में अकारण रोकी गई पदोन्नतियों को बहाल करने की भी मांग उठाई गई।



केदारनाथ में निर्माण कार्यों का जायजा लेते मुख्य सचिव।

## मुख्य सचिव ने लिया केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने केदारनाथ पहुंचकर धाम में निर्माणाधीन पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। मुख्य सचिव के साथ पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने मंदिर परिसर, शंकराचार्य समाधि स्थल, मंदाकिनी नदी पर स्थित आस्था पथ, सरस्वती घाट सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित तिथि के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि धाम में निर्माणाधीन पुनर्निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग पीएमओ कार्यालय से निरन्तर की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रवचन हॉल के नजदीक स्थित जमीन को चिन्हित करने के निर्देश पटवारी को दिए।

## किसानों के धान व मंडुवे का होगा इंश्योरेंस

**■एनजीओ एवं कर्मचारियों को किये गये लक्ष्य आवंटित**

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया की ओर से खरीफ फसल धान व मंडुवा का बीमा किया जायेगा। एक हेक्टेयर भूमि के लिए धान का बीमा 888 रूपये व मंडुवे का 480 रूपये होगा, जबकि एक नाली भूमि में मंडुवे के लिए कृषकों को नौ रूपये साठ पैंसे व धान के लिए 13 रूपये 32 पैंसे में फसल बीमित हो जायेगी।

विकास भवन सभागार में डीएम मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ की बैठक ली गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं एनजीओ को योजनान्तर्गत बीमा करवाने के लिए लक्ष्य आवंटित किये और निर्देश दिये कि ज्यादा से ज्यादा कृषकों को योजना का लाभ दिया जाय और निर्धारित तिथि से पूर्व जनपद के कृषकों को योजना के तहत आच्छादित किया जाय। इस अवसर पर इंश्योरेन्स कम्पनी के प्रशासनिक अधिकारी मनीष गोयल को तीनों ब्लॉकों में बैठक कर जानकारी देने व कम्पनी के प्रतिनिधि साहिल को समस्त न्याय पंचायत क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिए। लीड बैंक अधिकारी एसएस तोमर ने बैठक में उपस्थित एनजीओ एवं सीएससी संचालकों व कृषि विभाग के अधिकारियों को कहा कि ससमय कृषक का डाटा पोर्टल में फीड भी किया जाता रहे।

बैठक में एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी के प्रशासनिक अधिकारी मनीष गोयल ने बीमा के लाभ के विषय में बताया कि गत वर्ष जनपद के 1453 कृषकों द्वारा अपनी फसल का बीमा कराया गया, जिसमें बीमा मूल्य कुल लगभग चार लाख रूपये था। फसल कटाई के बाद कुछ क्षेत्रों में नुकसान होने पर बीमित 491 कृषकों को कम्पनी द्वारा 11 लाख 44 हजार रूपये का मुआवजा दिया गया।

## बोर्ड परीक्षा में विवेकानंद के बच्चे फिर रहे अव्वल

**संवाददाता** अल्मोड़ा। बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में इस बार फिर विवेकानंद इंटर कॉलेज के बच्चों ने बाजी मारी है। इंटर की परीक्षा में जिले के अलग–अलग स्कूलों के आठ और हाईस्कूल में तेरह बच्चों ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। जिनमें विवेकानंद के अलावा जीआइसी खाटवे, गणानाथ व नौगांव कफड़ा के बच्चे भी शामिल हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को उत्तराखंड बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटर का परीक्षाफल घोषित किया। परीक्षाफल को लेकर सुबह से ही बोर्ड की परीक्षा दे चुके बच्चों में काफी उत्साह था। परीक्षाफल जानने के लिए बच्चे सुबह से साइबर कैफे और मोबाइल के जरिए अपने अपने परिणाम के प्रति उत्सकु दिखाई दिए। विवेकानंद इंटर कॉलेज की बात करें तो यहां से इंटर की परीक्षा में छह बच्चों ने मेरिट लिस्ट में स्थान पाया।